भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 2941

उत्तर देने की तारीख : 05.08.2026

बारामूला लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में योजनाएं

2941. श्री अब्दुल रशीद शेख:

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2019 से अब तक बारामूला लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के अंतर्गत प्रदान की गई छात्रवृत्तियों तथा इसके लाभार्थियों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) बारामूला लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में स्थित वक्फ संपत्तियों तथा उनके विकास हेतु प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री
(श्री किरेन रीजीजू)

(क): भारत सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा वर्ष 2021-22 तक देशभर में छह अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों अर्थात् बौद्ध, ईसाई, जैन, मुस्लिम, पारसी तथा सिख समुदायों के लिए तीन छात्रवृत्ति योजनाओं अर्थात् मैट्रिक-पूर्व, मैट्रिकोत्तर तथा मेरिट-सह-साधन छात्रवृत्ति योजनाओं का कार्यान्वयन किया गया। वर्ष 2019-20 से वर्ष 2025-26 की अवधि के दौरान बारामूला लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में लाभार्थियों को स्वीकृत छात्रवृत्तियों का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ख): वक्फ प्रभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, बारामूला लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में स्थित वक्फ संपत्तियों तथा उनके विकास संबंधी प्रस्तावों का विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

*****

अनुबंध-I

'बारामूला लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में योजनाएं' विषय पर माननीय सांसद श्री अब्दुल रशीद शेख द्वारा पूछे गए तथा दिनांक 05.08.2026 को उत्तर दिए जाने हेतु लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2941 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

शैक्षणिक वर्ष 2019-20 से 2025-26 तक बारामूला (जम्मू एवं कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र) में योजनावार छात्रवृत्ति उपलब्धियां												
वर्ष	मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति				मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति				मेरिट-सह-साधन छात्रवृत्ति			
	लाभार्थियों की संख्या			राशि	लाभार्थियों की संख्या			राशि	लाभार्थियों की संख्या			राशि
	नई	नवीनीकरण	कुल		नई	नवीनीकरण	कुल		नई	नवीनीकरण	कुल	
2019-20	66024	9299	75323	170505826	14899	1451	16350	104285287	641	263	904	23303620
2020-21	22833	21057	43890	89738371	2099	2939	5038	29755437	754	432	1186	30762481
2021-22	15065	18322	33387	68962099	2167	938	3105	19489291	689	525	1214	31774947
2022-23*	0	538	538	2114855	0	288	288	1880525	0	427	427	11052849
2023-24	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
2024-25	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
2025-26	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
कुल	**103922**	**49216**	**153138**	**331321151**	**19165**	**5616**	**24781**	**155410540**	**2084**	**1647**	**3731**	**96893897**

* शैक्षणिक वर्ष 2022-23 में केवल नवीनीकरण के मामलों हेतु भुगतान किया गया।

अनुबंध-II

'बारामूला लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में योजनाएं' विषय पर माननीय सांसद श्री अब्दुल रशीद शेख द्वारा पूछे गए तथा दिनांक 05.08.2026 को उत्तर दिए जाने हेतु लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2941 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

क्र.सं.	जिला	वक्फ संपत्ति	किए गए विकास कार्य
1	बारामूला	ज़ियारत बाबा पयाम-उद-दीन रेशी (र.अ.), बारामूला	1. बाबा पयाम-उद-दीन रेशी दरगाह, बारामूला में देवरी पत्थरों को हटाने, तराशने, ड्रेसिंग तथा पुनः बिछाने के माध्यम से देवरी पत्थर के फर्श एवं प्रवेश सीढ़ियों का पुनर्स्थापन कार्य। 2. ज़ियारत शरीफ बाबा पयाम-उद-दीन रेशी (र.अ.), बारामूला में सीमेंट कंक्रीट नाली के निर्माण के साथ-साथ पारंपरिक रसोई शेड का आधुनिक रसोईघर में उन्नयन। 3. ज़ियारत शरीफ बाबा पयाम-उद-दीन रेशी (र.अ.), बारामूला में संबद्ध सिविल कार्यों के निर्माण के साथ-साथ आधुनिक रसोईघर हेतु डाइनिंग हॉल। 4. ज़ियारत शरीफ बाबा पयाम-उद-दीन रेशी (र.अ.), बारामूला में जामिया मस्जिद के आस-पास एम.एस. फेंसिंग पैनलों की आपूर्ति एवं स्थापना तथा भूमि समतलीकरण द्वारा पार्क का सौंदर्यीकरण। 5. ज़ियारत शरीफ़ बाबा पयाम-उद-दीन रेशी (र.अ.), बारामूला में डब्ल्यू.सी. (W.C.) इकाइयों, सेप्टिक टैंक और सोकेज पिट (सोंख गड्ढे) को मिलाकर एक शौचालय ब्लॉक का निर्माण। 6. बाबा पयाम-उद-दीन रेशी (र.अ.), टंगमर्ग, बारामूला में नक्काशीदार लकड़ी के काम के माध्यम से दरगाह के गर्भगृह का उन्नयन और गर्भगृह के गुंबद पर पॉलीकार्बोनेट छत का निर्माण। 7. ज़ियारत शरीफ़ बाबा पयाम-उद-दीन रेशी (र.अ.), टंगमर्ग, बारामूला में देवरी पत्थर के प्रवेश द्वार की सीढ़ियों (दावेड़ी) का निर्माण। 8. बाबा पयाम-उद-दीन रेशी (र.अ.), टंगमर्ग, बारामूला में भवन संख्या 08 और 09 के लिए सेप्टिक टैंकों और सोकेज पिटों के साथ डब्ल्यू.सी. इकाइयों का निर्माण। 9. बाबा पयाम-उद-दीन रेशी (र.अ.), टंगमर्ग, बारामूला में क्षतिग्रस्त छत को बदलकर, पेंटिंग कार्य और संबद्ध सिविल कार्यों के निष्पादन द्वारा जामिया मस्जिद का सौंदर्यीकरण।

			10. बाबा पयाम-उद-दीन रेशी (र.अ.), टंगमर्ग, बारामूला में एक वज़ूखाना का निर्माण। 11. बाबा पयाम-उद-दीन रेशी (र.अ.), टंगमर्ग, बारामूला में एक गेस्ट हाउस का निर्माण। 12. बाबा पयाम-उद-दीन रेशी (र.अ.), टंगमर्ग, बारामूला में एक दो-मंजिला दुकान परिसर का निर्माण।
2	बारामूला	ज़ियारत बाबा पयाम-उद-दीन रेशी (र.अ.), बारामूला	वर्ष 2022 से चरणबद्ध अनुबंधों के माध्यम से अन्य लघु कार्य संपादित किए गए।
3	बारामूला	जामिया मस्जिद, गुलमर्ग	गुलमर्ग में जामिया मस्जिद का निर्माण।
4	बांदीपोरा	आहमी शरीफ, बांदीपोरा	आहमी शरीफ, बांदीपोरा में रसोईघर का निर्माण तथा जर्जर पुराने भवनों का ध्वस्तीकरण; दरगाह के प्रवेश द्वार पर नए कार्यालय भवन एवं दुकानों का निर्माण; आहमी शरीफ, बांदीपोरा में विद्यालय हेतु पीसीसी ब्लॉक पर चेन-लिंक फेंसिंग की आपूर्ति एवं स्थापना।
5	बांदीपोरा	आहमी शरीफ, बांदीपोरा	वर्ष 2022 से चरणबद्ध अनुबंधों के माध्यम से अन्य लघु कार्य संपादित किए गए।
6	बारामूला	ज़ियारत सैयद जनबर वली (र.अ.), बारामूला	वर्ष 2022 से चरणबद्ध अनुबंधों के माध्यम से अन्य लघु कार्य संपादित किए गए।
7	बारामूला	ज़ियारत सैयद मलिक बुख़ारा (र.अ.), नदिहाल, बारामूला	वर्ष 2022 से चरणबद्ध अनुबंधों के माध्यम से अन्य लघु कार्य संपादित किए गए।
8	कुपवाड़ा	ज़ियारत जेठी शाह वली, द्रुगमुला, कुपवाड़ा	वर्ष 2022 से चरणबद्ध अनुबंधों के माध्यम से अन्य लघु कार्य संपादित किए गए।
9	बारामूला	ज़ियारत बाबा शुकर-उद-दीन (र.अ.), वटलाब, सोपोर, बारामूला	वर्ष 2022 से चरणबद्ध अनुबंधों के माध्यम से अन्य लघु कार्य संपादित किए गए।
10	बांदीपोरा	हनफ़िया इस्लामिया वक्फ मॉडल स्कूल, अशाम, बांदीपोरा	वर्ष 2022 से चरणबद्ध अनुबंधों के माध्यम से अन्य लघु कार्य संपादित किए गए।

******